## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–18.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. केन्द्र सरकार की गांवों के सशक्तीकरण की एक और पहल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड का करेंगे वितरण।

2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एससी–एसटी के कल्याण के लिए केन्द्र और राज्य को मिलकर काम करने पर दिया जोर, कहा– नीतियों को योजनाबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने की जरुरत।

3. सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, पारा शिक्षकों को नियुक्ति परीक्षा में नहीं मिलेगी छूट।

4. झारखंड विधानसभा की 25 समितियों का पुनर्गठन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन बनीं महिला और बाल विकास समिति की सभापति। और,

5. दिल्ली एजसी पाइपर्स ने सूरमा हॉकी क्लब को शून्य के मुकाबले दो गोल से हराकर महिला हॉकी इंडिया लीग में पहली जीत दर्ज की।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। यह देश के गांवों के सशक्तीकरण और सुशासन यात्रा में महत्वपूर्ण कदम होगा। संपत्ति कार्ड दस राज्यों और दो केन्द्रशासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों में वितरित किए जायेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी के क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को रिकॉर्ड का अधिकार प्रदान करके ग्रामीण भारत में आर्थिक बदलाव को बढ़ावा देना है।

******************

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए गठित सात सदस्यीय संसदीय समिति झारखंड भ्रमण पर आई है। समिति के सदस्यों ने रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एससी–एसटी समाज के कल्याण और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस वंचित आबादी के उत्थान के लिए केन्द्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा। मुलाकात के दौरान श्री सोरेन और संसदीय समिति के सदस्यों के बीच राज्य में एससी–एसटी के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं समेत उनसे जुड़े अन्य मुद्दों पर विस्तृत विचार–विमर्श हुआ।

******************

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन पहली फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा जबकि दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल तक होगा।

******************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने पारा शिक्षकों को क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट देने के प्रावधान को रद्द कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचन्द्र राव और न्यायाधीश दीपक रोशन की अदालत ने इस मामले में 11 दिसंबर को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख परिणाम पर रोक लगा दी थी। राज्य के सरकारी स्कूलों में 26 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए नियुक्ति परीक्षा ली गयी है।

******************

झारखंड विधानसभा की 25 समितियों का पुनर्गठन किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। गांडेय से विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी को महिला और बाल विकास समिति की सभापति बनाया गया है। वहीं बरही के भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव महत्वपूर्ण लोक लेखा समिति के अध्यक्ष होंगे। तीन अन्य समितियों के अध्यक्ष खुद स्पीकर होंगे।

******************

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें जमशेदपुर के टीएमएच में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति बेहतर है। इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

******************

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। लाखों लोगों के इस जमावडे से न केवल प्रयागराज की प्रतिष्ठा बढी है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और व्यापार में भी तेजी आई है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

******************

सरायकेला जिले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

दिल्ली एसजी पाइपर्स ने राउरकेला में खेले गये महिला हॉकी इंडिया लीग में अपनी पहली जीत दर्ज की। कल खेले गये मैच में उसने जेएसडब्लयू सूरमा हॉकी क्लब को शून्य के मुकाबले दो गोल से पराजित किया। दिल्ली के लिए झारखंड की संगीता कुमारी और दीपिका ने गोल किये।

******************

खो–खो विश्व कप में, मेजबान भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमें अपने–अपने वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। दोनों ही टीमों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर अपने सभी मैचों में जीत हासिल की है। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में कल क्वार्टर फाइनल में भारतीय पुरुष टीम ने श्रीलंका को 40 के मुकाबले 100 अंक से हराया। रामजी कश्यप को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जबकि वी. सुब्रमणि को सर्वश्रेष्ठ अटैकर का पुरस्कार मिला। श्रीलंका के ससीनाडू मैच के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर चुने गये। वहीं, भारतीय महिला टीम ने भी कल क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश को 16 के मुकाबले 109 अंकों से हराया। कप्तान प्रियंका इंगले की अगुआई में टीम ने मैच के सभी चार टर्न में दबदबा बनाये रखा। भारतीय महिला टीम ने टूर्नामेंट में लगातार चौथे मैच में 100 अंक का आंकड़ा पार किया। अश्विनी शिंदे को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जबकि रितु रानी सेन को सर्वश्रेष्ठ अटैकर का पुरस्कार मिला। मगई माझी मैच की सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर चुनी गईं।

******************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में फिलहाल ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तामपान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। विभाग ने बताया कि 18 और 19 जनवरी तक राज्य के कुछ इलाकों में सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहेगा। इसके बाद आसमान साफ हो जायेगा।

******************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पारा शिक्षकों को सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में छूट नहीं देने के झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान ने लिखा है**—पारा शिक्षकों को नियुक्ति परीक्षा में नहीं मिलेगी छूट।

**प्रभात खबर की सुर्खी है**—अर्जुन पुरस्कार लेने वाली सलीमा झारखंड की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी।

**दैनिक जागरण लिखता है**—कल्पना बनीं विस की महिला, बाल विकास समिति की सभापति।

**दैनिक भास्कर ने** रांची के तिरु फॉल में डूबने से दो भाइयों समेत तीन की मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**रांची एक्सप्रेस के शब्द हैं**—झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को मिला अर्जुन पुरस्कार।

*********समाप्त**************